उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1869

दिनांक /Date.: 31:01:2020

(संवाद–25)

निकट भविष्य में प्रस्तावित सहायक अध्यापक(एल0टी0) भर्ती परीक्षा के पाठ्यक्रम के संबंध में

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के संज्ञान में यह आया है कि सहायक अध्यापक(एल0टी0) भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक कुछ अभ्यर्थी इस परीक्षा के पाठ्यक्रम के संबंध में भ्रम में हैं। कुछ अभ्यर्थियों द्वारा आयोग कार्यालय में व शिक्षा विभाग से भी इस संबंध में पृच्छायें की जा रही है। अभ्यर्थियों की दुविधा कदाचित इस पद के लिए जारी संशोधन सेवा नियमावली, 2019 से भी बढ़ी है। इस नियमावली में 200 अंक के 02 प्रश्नपत्रों का उल्लेख किया गया है।

इस संबंध में यह स्पष्ट करना है कि आयोग भर्ती परीक्षा के संबंध में विभागीय नियमावली के साथ–साथ **"उत्तराखण्ड समूह–'ग' के पदों पर सीधी भर्ती की प्रकिया नियमावली, 2008"** के अनुरूप कार्रवाई करता है। जो प्रावधान दोनों नियमावली में हैं उनमें 2008 की नियमावली ही प्रभावी होगी, चूंकि 2008 नियमावली में समूह 'ग' के पदो के लिए 100 अंकों की एक लिखित परीक्षा का ही प्रावधान है। अतः आयोग द्वारा 100 अंकों की एक लिखित परीक्षा कराई जायेगी जैसा कि पूर्व में कराया गया है। अतः इस संबंध में यह स्पष्ट करना है कि परीक्षा पाठ्यक्रम 2008 नियमावली के अनुरूप होगा। इसमें केवल संबंधित विषय तथा शिक्षण प्रक्रिया से संबंधित 100 प्रश्न होंगे सामान्य ज्ञान या सामान्य अध्ययन के प्रश्न सम्मिलित नहीं होंगे।

31/1/2020
(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com